चंडीगढ़, 11 अक्तूबर- हरियाणा में विधानसभा आम चुनाव-2019 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत राजस्थान सरकार द्वारा 19 अक्तूबर, 2019 शाम 6.00 बजे से मतदान खत्म होने तक सीमावर्ती इलाकों में 3 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री, वितरण और हर प्रकार की मूवमेंट पर प्रतिंबध लगाने के ओदश जारी कर दिए गए हैं।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और चुनावों को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रदेशभर में नाकाबंदी जारी है और शराब व नगद राशि की मुवमेंट पर भी नजर रखे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए हरियाणा के साथ लगते पड़ोसी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से बात की गई है और इसी के चलते राजस्थान ने शराब की बिक्री और वितरण पर प्रतिंबध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा अन्य पड़ौसी राज्यों से भी अनुरोध किया गया है।
क्रमांक-2019

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल के नेतृत्व में आमजन को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए स्वीप कार्यक्रम के परिणामस्वरूप राज्य में लोकसभा आम चुनाव-2019 की तुलना में इस बार कुल मतदाताओं की संख्या में 3 लाख से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

हरियाणा के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्र जीत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2019 के समय 23 अप्रैल, 2019 के अनुसार प्रदेश में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 3 लाख थी और मतदाता सूची 4 अक्तूबर, 2019 के अनुसार अब 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 3.82 लाख हो गई है। जो यह दर्शाता है कि स्वीप कार्यक्रम का प्रभाव आमजन तक पहुंचा है और नागरिक जागरूक हुए हैं।

उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2019 समय प्रदेश में ंमतदाताओं की कुल संख्या 1,80,56,896 थी और अब यह संख्या 1,83,90,525 हो गई है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की संख्या में भी 1.7 लाख की वृद्धि देखने को मिली है और यह लोकतंत्र के साथ-साथ समाज के लिए भी बहुत गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव-2019 के समय महिला मतदाताओं की संख्या 83.36 लाख थी और अब 85.08 लाख महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार, लोकसभा चुनाव में सर्विस मतदाताओं की संख्या 1.05 लाख थी और अब 1.07 लाख सर्विस वोटर हैं, जिसमें 2 हजार की वृद्धि दर्ज की

गई है।

उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2019 के लिए कुल 1169 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिसमें 1064 पुरूष और 105 महिला उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव- 2019 के समय प्रदेश में चिहिन्त दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.04 लाख थी और अब 34 हजार वृद्धि के साथ 1.38 लाख हो गई है।
क्रमांक-2019